नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

# सौ अरब का ट्रेड लक्ष्य रख मोदी-पुतिन ने रचा इतिहास

## भारत-रूस के बीच बड़ी साझेदारी पर मुहर

BRICS INDIA 2026



**दिल्ली कार्यालय**

**नई दिल्ली, 11 सितंबर.भारत मंडपम में आयोजित होने वाले 18 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता ने दोनों महाशक्तियों के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को एक युगांतरकारी दिशा दी है.**

उल्लेखनीय है कि वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच उक्त मुलाकात बेहद अहम मानी जा रही है क्योंकि यूक्रेन युद्ध के बाद राष्ट्रपति पुतिन की रूस से बाहर किसी ब्रिक्स सम्मेलन में पहली व्यक्तिगत भागीदारी है. इस ऐतिहासिक बैठक में दोनों देशों ने आपसी व्यापारिक और रणनीतिक गतिरोधों को दरकिनार करते हुए आर्थिक सहयोग कार्यक्रम 2030 के तहत वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचाने की प्रतिबद्धता को दोहराया. इसके लिए दोनों देशों के बीच भुगतान प्रणाली को सुगम बनाने और रुपया-रूबल व्यापार तंत्र को और सशक्त करने पर विस्तृत सहमति बनी.

### युद्ध किसी समस्या का स्थाई समाधान नहीं

वैश्विक मोर्चे पर समकालीन चुनौतियों और यूक्रेन संकट पर भारत के रुख को स्पष्ट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पुरजोर शब्दों में दोहराया कि युद्ध कभी किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता. उन्होंने वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए निरंतर संवाद और कूटनीति के मार्ग को ही सबसे प्रभावी बताया, जिस पर राष्ट्रपति पुतिन ने भी सकारात्मक रुख दिखाया. ब्रिक्स और एससीओ जैसे बहुपक्षीय मंचों पर वैश्विक दक्षिण की आवाज को मुखर करने के साझा संकल्प के बीच, राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को रूस में आयोजित होने वाले 24वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन का आधिकारिक निमंत्रण दिया, जिसे प्रधानमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर लिया.

### फाइटर जेट की पेशकश

बैठक में रूस की ओर से भारत को अत्याधुनिक एसयू 57 स्टेल्थ फिफ्थ जनरेशन फाइटर जेट की संयुक्त मैन्युफैक्चरिंग की पेशकश की गई. इसके साथ ही एस 400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की समयबद्ध आपूर्ति, ब्रह्मोस मिसाइल के आधुनिक अपग्रेड और असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग को और विस्तार देने पर गहन समीक्षा हुई.

### एक ही कार से हुए रवाना

ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद कच्चे तेल की निर्बाध आपूर्ति, शिपिंग इंश्योरेंस और महत्वपूर्ण खनिजों की सुरक्षित सप्लाई चेन विकसित करने के लिए भी दोनों नेताओं ने एक दूरदर्शी रोडमैप पर मुहर लगाई. बैठक के तुरंत बाद एक ही कार में सवार होकर इस प्रदर्शनी का दौरा करने के लिए रवाना हुए.

# शराब के खिलाफ दुर्गा बनीं महिलाएं, दुकान फूंकी

- शिवपुरी में अवैध शराब के खिलाफ हल्ला बोल
- ठेकेदारों ने लाइसेंस सरेंडर करने की दी चेतावनी

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 11 सितंबर. जिले में शराब के खिलाफ महिलाओं का विरोध लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा. ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने शराब दुकानों पर पहुंचकर तोड़फोड़ की और शराब की बोतलें फोड़कर विरोध जताया. कई स्थानों पर प्रदर्शन के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ.**

पुलिस ने शराब दुकानों में तोड़फोड़ और आगजनी के मामलों में 25 लोगों को नामजद आरोपी बनाया है, जबकि 15 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई.

### 25 लोग नामजद, 15 आरोपियों की गिरफ्तारी



**खोड़-सिरसौद मार्ग पर पांच घंटे चक्काजाम**: रन्नौद थाना क्षेत्र के पचावली में महिलाओं ने शराब दुकान का दरवाजा तोड़कर अंदर रखी शराब की पेटियां बाहर निकालकर नाले में फेंक दीं. महिलाओं ने सुबह करीब 6 बजे से खोड़-सिरसौद मार्ग पर चक्काजाम कर दिया.



**थाने के बाहर फोड़ी बोतलें**: भौंती थाना क्षेत्र के मनपुरा में महिलाओं ने शराब दुकान में रखी सैकड़ों बोतलें सड़क पर पटककर फोड़ दीं. इसके बाद महिलाएं नयाखेड़ा पहुंचीं, जहां अवैध शराब बिक्री की शिकायत थी. दुकानदार शटर बंद कर फरार हो गया. बाद में महिलाओं ने शराब की बोतलें फोड़कर प्रदर्शन किया.

## जहरीली शराबकांड : जंगल में मुठभेड़ के बाद शराब तस्कर रवि गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सागर, 11 सितंबर.** बंडा-शाहगढ़ क्षेत्र में जहरीली शराब से हुई मौतों के मामले में फरार चल रहे अंतरराज्यीय शराब तस्कर रवि लखेरा को पुलिस ने बरायठा के जंगल से गिरफ्तार किया है.

पुलिस के अनुसार गुरुवार रात घेराबंदी के दौरान रवि ने टीम पर फायरिंग की. जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया. घायल रवि को उपचार के लिए बंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है. उसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित था. पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि रवि



बरायठा क्षेत्र के जंगल में छिपा है. टीम ने घेराबंदी की तो उसने कथित तौर पर पुलिस पर गोली चला दी. जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी. पुलिस ने उसके कब्जे से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच शुरू कर दी है.

**जहरीली शराब का फॉर्मूला देने का आरोप**: जहरीली शराब से 30 से अधिक मौतों की जांच में रवि लखेरा का नाम प्रमुखता से सामने आया था. पुलिस का आरोप है कि उसने जहरीली शराब तैयार करने का फॉर्मूला उपलब्ध कराया था.

# गोटमार मेले में 900 से ज्यादा घायल

- सात गंभीर घायलों को नागपुर रेफर किया गया
- शाम 6 :03 बजे पेढ़ोनी के युवक ने तोड़ा झंडा

**नवभारत न्यूज**

**पांढुरना, 11 सितंबर. सदियों पुरानी परंपरा के तहत शुक्रवार को पांढुरना में प्रसिद्ध गोटमार मेला आयोजित हुआ. जाम नदी के बीच राधा-कृष्ण मंदिर क्षेत्र में पांढुरना और सावरगांव पक्ष के लोगों के बीच सुबह से शाम तक जमकर पत्थरबाजी हुई. इस दौरान बड़ी संख्या में लोग घायल हुए.**



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घायलों की संख्या 900 से अधिक रही, जबकि प्रशासन ने करीब 300 लोगों के घायल होने की जानकारी दी है. गंभीर रूप से घायल सात लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रेफर किया गया.

पेढ़ोनी के युवक ने तोड़ा झंडा: परंपरा के अनुसार जाम नदी के बीच लगाए गए झंडे को तोड़ने के बाद गोटमार मेले का समापन हुआ. इस वर्ष पांढुरना विकासखंड के आदिवासी बहुल ग्राम पेढ़ोनी निवासी प्रज्वल तुमड़ाम ने शाम 6:03 बजे नदी के बीच पहुंचकर झंडा तोड़ा. इसके बाद आयोजन समाप्त हुआ.( विस्तृत खबर पेज 12 में )

# बैंक हड़ताल से अरबों का कारोबार ठप, चेक अटके

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 11 सितंबर. यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले शुक्रवार को आहूत देशव्यापी बैंक हड़ताल का असर पूरे देश में देखने को मिला.**

**5-डे वर्किंग समेत विभिन्न मांगों को लेकर बैंककर्मियों का प्रदर्शन**

हड़ताल के कारण देश में मुख्य रूप से चेक क्लीयरेंस और वित्तीय कामकाज प्रभावित हुआ. जिसमें देश में करीब 4 लाख करोड़ रुपये के चेक और अरबों रुपये का कारोबार ठप रहा. वहीं, मध्य प्रदेश में राज्य में सबसे व्यापक असर देखा गया है। यहाँ लगभग 7,000 बैंक शाखाएं पूरी तरह बंद रहीं और 42,000 से अधिक कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। भोपाल, इंदौर और ग्वालियर जैसे मुख्य केंद्रों में विरोध प्रदर्शन हुए. हालांकि, ग्राहकों के लिए यूपीआई , मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग और एटीएम जैसी डिजिटल सेवाएं सामान्य रूप से उपलब्ध रहने की उम्मीद है.




